18-APRIL- KORIYA- Bhoomi pg-1-JACKET_Layout 1 4/18/2025 8:25 PM Page 1

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

DHEERAA

*Launching*

# SKYLLA

SO CLOSE YET SO FAR

Premium 3 BHK Apartments

Beside Jain International School, Sakri Road, Bilaspur (C.G.)

19th & 20th April' 25 | 10Am Onwards

Exclusive 10+ Amenities

Modern & Vastu Compliant Design

Paranomic View Apartments

PCGRERA1103250001892







77999- 57000

AdPRAYAS

18-APRIL- JAS AND KORIYA- Bhoomi pg-2_Layout 1 4/18/2025 8:10 PM Page 1







IZOD | FORCE IX | BLACKBERRYS | Levi's | CRIMSOUNE CLUB FASHION CLOTHING | ARISTU | Beatnik

mufti | madame | JACK&JONES | INDIAN TERRAIN | RAISIN | RARE RABBIT | UNITED COLORS OF BENETTON.

PARK AVENUE | BIBA | indya | Rangriti | GINI & JONY freedom fashions | TWENTY DRESSES

# निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड द फैशन मॉल

## अम्बिकापुर अम्बेडकर चौक

## Ph 07774 230041

18 APRIL- CORIYA -BHOOMI-PG-3_Layout 1 4/18/2025 9:12 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 38 डिग्री

न्यूनतम 22 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


4 गुड फ्राइडेः मसीही समाज ने प्रभु यीशु के बलिदान को किया याद



खबर संक्षेप

## नई शराब दुकान खोले जाने का जताया विरोध



**कोरिया कॉलरी।** राज्य में कई जगहों पर शराब दुकान संचालित हो रही है। वर्तमान में फिर से नए शराब दुकान खोले जाने की बात सामने आई है, इसका भगवती मानव कल्याण संगठन पूरजोर विरोध करता है। अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के दौरान भगवती मानव कल्याण संगठन जिलाध्यक्ष राजेश उपाध्याय, अध्यक्ष मालती नेताम, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी जिलाध्यक्ष कमलदेव, संगठन मंत्री रामनरेश गुप्ता, उपाध्यक्ष पवन सिंह, मोहन यादव, सुमंत डे, चंद्रभान बघेल, लिंगराज नाहक, उर्मिला सिंह, सुखवाती, बिंदा, नंदिनी, शारदा, राम प्रसाद, अरूण अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## सुशासन तिहार के दौरान अवकाश प्रतिबंधित

**अंबिकापुर।** सुशासन तिहार-2025 के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर ने आदेश जारी कर 31 मई 2025 तक जिले में पदस्थ समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश पर पूर्णतः प्रतिबंध घोषित किया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय अग्रवाल ने इस सम्बन्ध में सर्व विभाग प्रमुखों को पत्र जारी किया है। जिसके अनुसार विशेष परिस्थितियों में अवकाश की आवश्यकता पड़ने पर कार्यालय प्रमुख, विभाग प्रमुख, प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी के अधिकारियो एवं कर्मचारियों के अवकाश की स्वीकृति या अनुमति हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सरगुजा को अधिकृत किया गया है।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** रामानुजगंज अस्पताल से रेफर एक मरीज की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुलिस कर्मियों के मुताबिक लगभग 40 वर्षीय ग्रामीण को जो गोदरवाना से रामानुजगंज के अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। ग्रामीण के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर उसे 15 अप्रैल को बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया जहां आज सुबह ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए मरच्यूरी कक्ष में रखवा दिया है।

### परिजन की मांग: आरोपी पर आपराधिक मामला दर्ज हो

# बच्ची का शव थाने में रखकर विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

शहर के प्रेमाबाग क्षेत्र में दर्दनाक हादसे के बाद शुक्रवार की सुबह आक्रोशित परिजन ने सिटी कोतवाली थाना परिसर में बच्ची का शव रखकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। परिजन की मांग थी कि स्कॉर्पियों चला रहे नौसिखिए चालक पर गंभीर आपराधिक धाराओं में मामला दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की जाए। घटना के बाद परिजन और स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। गम और गुस्से में डूबे परिजन बच्ची का शव लेकर थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर पुलिस अधिकारियों ने परिजन को समझाइश दी और कार्रवाई का आश्वासन दिया। लंबी बातचीत और आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए और मासूम का अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में किया गया। पूरे प्रेमाबाग मोहल्ले में मातम पसरा रहा। विदित हो कि घटना 17 अप्रैल सुबह प्रेमाबाग स्थित बाबू कॉलोनी की है, जहां सुनील विश्वकर्मा की भांजी हिमांशी विश्वकर्मा पिता बहादूर विश्वकर्मा उम्र 8 वर्ष बाउंड्री के अंदर खेल रही थी, इसी दरम्यान स्कार्पियों वाहन क्रमाक सीजी 16 सीक्यू 2859 में नौसिखिया आरोपी चालक आयूष पैकरा पिता रामअवतार पैकरा उम्र करीब 20 वर्ष निवासी सत्तीपारा ने जबरजस्त ठोकर मार दी। इस घटना में बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। स्कॉर्पियों वाहन सीधे बाउंड्री गेट से टकराया और बच्ची को कुचल दिया था।

■ कार्रवाई के आश्वासन के बाद माने परिजन, गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार





थाने में शव रखकर विरोध प्रदर्शन करते परिजन।



समझाइश देते पुलिस अधिकारी।



प्रेमाबाग में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने खेल रही बच्ची को कुचला

नौसिखिए ने ली 8 साल की बच्ची की जान

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### आरोपी पर मामला दर्ज करने की मांग

सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी आयुष पैकरा के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजन की मांग है कि आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित सख्त धाराएं लगाई जाएं, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस या अनुभवहीन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

▶▶ शेष पेज 4 पर

# बच्ची के घर परिजन से मिलने पहुंचे विधायक



परिजन के घर पहुंचे विधायक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

प्रेमाबाग क्षेत्र में सड़क हादसे में 8 साल की मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत के बाद शुक्रवार की देर शाम विधायक एवं पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए गहरा शोक व्यक्त किया और प्रशासन को त्वरित सहायता व सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक श्री राजवाड़े ने मौके पर मौजूद बैकुंठपुर तहसीलदार को निर्देशित किया कि पीड़ित परिवार को तत्काल 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। साथ ही उन्होंने हादसे के जिम्मेदार वाहन चालक के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। विधायक श्री राजवाड़े ने कहा यह हादसा अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और हृदय विदारक है। एक मासूम बच्ची की जान लापरवाही की भेंट चढ़ गई। प्रशासन को चाहिए कि ऐसे मामलों में तुरंत और प्रभावी कार्रवाई करें, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। दोषी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

■ 25 हजार की आर्थिक सहायता और कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

# विधायक भईयालाल ने किया आवास सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

राज्य सरकार द्वारा संचालित मोर दुआर-साय सरकार महाभियान के तहत बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े ने जिले के विभिन्न गांवों का दौरा कर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि जो भी परिवार अभी तक स्थायी प्रतीक्षा सूची अथवा आवास प्लस सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं, वे 30 अप्रैल से पूर्व पंजीयन अवश्य कराएं।

विधायक श्री राजवाड़े ने बताया कि छग शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार 15 से 30 अप्रैल तक मोर दुआर-साय सरकार महाभियान के अंतर्गत विशेष आवास सर्वेक्षण पखवाड़ा संचालित किया जा रहा है। इसके प्रथम चरण में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतीकात्मक रूप से एक-एक परिवार का सर्वेक्षण किया जा रहा है। इसीक्रम में विगत दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर जिले के घाटपदमपुर ग्राम से राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया था। वहीं 17 अप्रैल को विधायक एवं सांसद, 18 अप्रैल को जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य तथा 19 अप्रैल को जनपद अध्यक्ष एवं सदस्य द्वारा सर्वेक्षण किया जाएगा। विधायक श्री राजवाड़े ने ग्रामीणों को बताया कि इस अभियान के तहत छूटे हुए पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा, इसके लिए आवास प्लस 2.0 मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। इच्छुक हितग्राही स्वयं भी पीएमएवाईजी डॉट नाईस डॉट इन लिंक से एप डाउनलोड कर पंजीयन कर सकते हैं।

जानकारी के मुताबिक 30 अप्रैल के पश्चात भारत सरकार द्वारा सर्वेक्षण कार्य बंद कर दिया जाएगा और इसके उपरांत किसी भी प्रकार की दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर ग्रामीणों ने मशाल रैली निकालकर आमजन को जागरूक किया तथा सरकार की इस पहल का स्वागत किया।

मोर दुआर-साय सरकार अभियान

■ पात्र हितग्राहियों से पंजीयन कराने की अपील



आवास सर्वेक्षण करते विधायक भईयालाल राजवाड़े।

## पत्नी की हत्या के मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** मैनपाट के नर्मदापुर खालपारा निवासी खेलसाय खोखसा ने 16 अप्रैल को अपनी पत्नी मुड़ई बाई की टांगी से गला काटकर उसकी हत्या कर दी थी। इस घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम हेतु भेजने के साथ ही आरोपी को हिरासत में लिया था। आरोपी खालपारा निवाई 35 वर्षीय खेलसाय खोखसा आ. मनी राम ने बताया कि वह अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका करता था और इसी बात को लेकर दोनों के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। घटना दिवस को भी विवाद के दौरान उसने पत्नी मुड़ई बाई की टांगी से मार कर हत्या कर दी।

# बालगृह के बच्चों ने इको फ्रेंडली बुके से लूटी वाहवाही

**बैकुण्ठपुर।** राज्य बाल संरक्षण आयोग के नवनियुक्त अध्यक्षों के शपथ ग्रहण समारोह में इस बार कुछ खास देखने को मिला। छग सरकार द्वारा 16 अप्रैल को आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में बालगृह कोरिया के बच्चों द्वारा तैयार किए गए इको फ्रेंडली बुके समारोह का आकर्षण बन गए। अध्यक्ष पद की शपथ लेने जा रही वर्णिका शर्मा ने परंपरा से हटकर एक प्रेरणादायक पहल करते हुए बालगृह कोरिया के बच्चों से विशेष रूप से संपर्क कर ये बुके तैयार करवाए।

बच्चों ने पूरे मनोयोग से प्राकृतिक सामग्री से सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल बुके तैयार किए, जो कार्यक्रम में आए मुख्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्री समेत अन्य मंत्रियों को भेंट किए गए। मुख्य मंच पर जब इन हस्तनिर्मित बुके को अतिथियों को भेंट किया गया, तो सभी ने बच्चों की रचनात्मकता की खुले दिल से सराहना की। यह पहल न सिर्फ बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाली रही, बल्कि कोरिया जिले की प्रतिभा को भी राज्य स्तर पर एक बार फिर पहचान दिलाई। उल्लेखनीय है कि बालगृह कोरिया के बच्चे पूर्व में भी समय-समय पर विभिन्न आयोजनों में अपनी प्रतिभा का परिचय देते रहे हैं और जिले का नाम गौरव से ऊंचा किया है।



# इंडियन टैलेंट ओलम्पियाड में राज्य स्तर पर किया टॉप

**मनेन्द्रगढ़।** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों का इंडियन टैलेंट ओलम्पियाड में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ।

इंडियन टैलेंट ओलंपियाड की प्रतियोगिता की प्रथम चरण की प्रतियोगिता में संस्था के 50 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था, इसमें से 18 विद्यार्थियों का चयन द्वितीय चरण की प्रतियोगिता के लिए हुआ। द्वितीय चरण की प्रतियोगिता में स्टेट लेवल की प्रतियोगिता के लिए 12 विद्यार्थियों का चयन हुआ। इन 12 विद्यार्थियों में से 3 विद्यार्थी स्टेट टॉपर रहे। स्टेट टॉपर विद्यार्थियों में कक्षा 1 के अक्षित सिंह पिता दीपक कुमार ने गणित विषय में सेकंड राउंड की प्रतियोगिता पूरे राज्य में 5 वां स्थान प्राप्त कर स्टेट टॉपर रहे, वहीं कक्षा 3 के अंश कुंभज पिता रामधन कुंभज ने सामान्य ज्ञान विषय में 18 वां रैंक प्राप्त किया और कक्षा 2 के अरमान सिंह मारकाम पिता कमलेश चंद्र मारकाम ने अंग्रेजी विषय मे 23 वां रैंक प्राप्त किया। स्टेट टॉपर अक्षित सिंह को अन्य अवॉर्ड के साथ 1000 रूपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी और अंश कुंभज एवं अरमान सिंह मारकाम को एक्सिलेन्स मैडल अवॉर्ड प्रदान किया गया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य श्रीमती इंद्रा सेंगर ने विद्यार्थियों, माता-पिता और शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई प्रेषित किया गया।







## पश्चिम बंगाल और यूपी के छह संदिग्ध गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर जिले में पुलिस ने कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए अनधिकृत रूप से रहने वाले लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जिले की कुसमी पुलिस ने 6 संदेहियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान टीम ने पहचान पत्र, आधार कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण किया। चेकिंग के दौरान 6 संदिग्ध व्यक्तियों को जब्त विभिन्न स्थानों से पकड़कर पूछताछ की गई तो वे गोल मोल जवाब दे रहे थे। ऐसे में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पश्चिम बंगाल के बकुड़ा पुनीसोल निवासी 32 वर्षीय मंजरुल खान आ. दाउद खान, 24 वर्षीय माहिदुल अली मोलीक आ. अफ्तर अली मलिक, 30 वर्षीय गोलाम खाजा खान आ. अकबर अली, 25 वर्षीय अबू सत्तार मलिक आ. जमाल मलिक, 35 वर्षीय सकुर अली खान आ. न्यासुद्दीन खान व यूपी हरदोई के मंदर निवासी 26 वर्षीय हारूप आ. पहचनद अली को बीएनएस की धारा 128 के तहत गिरफ्तार किया है।


**न्यायालय, तहसीलदार चिरमिरी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**क्रमांक/Q/ वाचक / 2025**

**चिरमिरी, दिनांक 04/04/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम हल्दीबाड़ी पं.ह.नं. 04 रा.नि.मं. व तहसील चिरमिरी के आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका संजू आ. धरम साय उम्र 38 वर्ष जाति घासी निवासी ग्राम हल्दीबाड़ी प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. व. तहसील चिरमिरी, जिला एम.सी.बी. छ.ग. के द्वारा अपने पिता धरम साय की मृत्यु ग्राम हल्दीबाड़ी में दिनांक 12.11.2023 को हो गई थी, जिनका जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र आदेश प्राप्त करने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर किसी भी व्यक्ति, संस्था समूह अथवा निकाय को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति दिनांक 19.04.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

04/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालीन पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

**तहसीलदार**

**चिरमिरी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**


## संयुक्त टीम ने हटाया अतिक्रमण

**अम्बिकापुर।** शहर के बीच नेहरूवार्ड न्यायालय के पीछे आज उस समय हड़कंप मच गया जब जिला प्रशासन व नगर निगम की संयुक्त टीम ने एक घर को जेसीबी से ढहा दिया। मकान मालिक का आरोप है कि सुबह बगैर नोटिस दिए ही मकान को गिरा दिया गया और घर में रखे सामान तक को बाहर निकालने का मौका नहीं दिया। बगैर नोटिस दिए अतिक्रमण हटाने पर लोगों में काफी आक्रोश है। अर्चना ने बताई की उसके परिवार के लोग लगभग 50-60 से घर बनाकर रह रहे है।




18-APRIL- KORIYA- Bhoomi pg-4_Layout 1 4/18/2025 9:20 PM Page 1



**खबर संक्षेप**

## 4 साल बाद भी नहीं मिला जमीन का मुआवजा

**बैकुण्ठपुर/चरचा कॉलरी।** कटनी-गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-43) के 245 से 323 किमी तक चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य के लिए 4 साल पूर्व अधिग्रहित की गई भूमि का मुआवजा आज तक भू-स्वामियों को नहीं मिल पाया है, इससे नाराज प्रभावित ग्रामीण अब उग्र आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ बॉर्डर से सूरजपुर सेक्शन तक के इस परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए कुल 71.94 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए थे, लेकिन भू-अर्जन अधिकारी, मनेन्द्रगढ़ एवं बैकुंठपुर द्वारा पारित अवार्ड राशि 77.24 करोड़ रूपए थी, जिसमें से अब भी 5.30 करोड़ रूपए का भुगतान शेष है। वहीं अनुपूरक सूची में मनेन्द्रगढ़ अनुभाग के लिए 6.78 करोड़ और बैकुंठपुर अनुभाग के लिए 2.45 करोड़ रूपए की राशि लंबित है। कुल मिलाकर 14.53 करोड़ रूपए अब तक प्रभावितों को नहीं मिले हैं। हितग्राहियों का कहना है कि वे बीते चार वर्षों से राजस्व कार्यालय, लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) और एनएच विभाग के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन कहीं से कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा। सिर्फ यह कहा जाता है कि रूपए मिलेगा, पर कब मिलेगा, कोई नहीं बता रहा।

अधिकारियों की चुप्पी, ग्रामीणों में नाराजगी- ग्रामीणों का कहना है कि उनकी जमीन, खेत और कई मकान अधिग्रहण में चले गए हैं। कुछ परिवार तो पूरी तरह उजड़ चुके हैं। केन्द्र सरकार की अधिसूचना भी जारी हो चुकी है और मुआवजा निर्धारण की प्रक्रिया भी पूरी हो गई है, फिर भी भुगतान नहीं हो रहा। पीड़ति भू-स्वामियों ने सक्षम अधिकारियों और शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मुआवजा राशि का भुगतान किया जाए। यदि और देर की गई तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**निधन**

## प्रभा जायसवाल



**पटना।** नगर पंचायत पटना बस स्टैण्ड निवासी श्रीमती प्रभा जायसवाल का इलाज के दौरान मिशन हॉस्पिटल अंबिकापुर में निधन हो गया। वे करीब 57 वर्ष की थीं। स्व. श्रीमती जायसवाल का अंतिम संस्कार गृहग्राम पटना स्थित स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि छोटे भाई संतोष जायसवाल ने दी। 4 दिन पूर्व उनकी मां लक्ष्मी देवी का भी निधन हो गया था, इससे पटना में शोक की लहर व्याप्त है।

### गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा, शांति और क्षमा का संदेश

# गुड फ्राइडे: मसीही समाज ने प्रभु यीशु के बलिदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

मसीही समाज द्वारा शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और शोक के साथ गुड फ्राइडे का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर शहर सहित जिलेभर के गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं। समाज के लोगों ने प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को स्मरण करते हुए उपवास रखा और आत्मचिंतन किया।

प्रभु यीशु को मानवता की भलाई के लिए दी गई यातनाओं और सूली पर चढ़ाए जाने की घटना को याद करते हुए गिरजाघरों में गहन मौन, भक्ति और आंसुओं का वातावरण बना रहा। फादर द्वारा बाइबिल के उन अंशों का पाठ किया गया, जिसमें यीशु मसीह के अंतिम क्षणों का वर्णन है। कई स्थानों पर प्रभु यीशु के क्रूस पर चढ़ने का मंचन भी किया गया, जिसे देखकर उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं।



विशेष प्रार्थना में शामिल समाज के लोग।

### उपवास, प्रार्थना और आत्ममंथन का दिन

गुड फ्राइडे को मसीही समाज उपवास और प्रार्थना के साथ आत्ममंथन का दिन मानता है। समाज के लोगों ने दिनभर संयमित रहकर प्रभु यीशु की शिक्षाओं का अनुसरण किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### इस्टर की तैयारी में जुटा समाज

गुड फ्राइडे के तीन दिन बाद रविवार को इस्टर पर्व मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां भी समाज के लोगों द्वारा की जा रही हैं। इस दिन को प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने की स्मृति में प्रेम, क्षमा और विजय के पर्व के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन चालिस दिनी उपवास समाप्त होगा और घरों में विशेष पकवान बनाए जाएंगे।



जांच के लिए पहुंचे डीईओ।

## प्रधान पाठक निलंबित तीन शिक्षकों को नोटिस

**बैकुंठपुर।** जिले के शैक्षणिक संस्थानों में अनुशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता द्वारा सोनहत विकासखंड के शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान गंभीर लापरवाही एवं अनियमितताएं सामने आने पर एक प्रभारी प्रधान पाठक को निलंबित किया गया, जबकि तीन अन्य शिक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। शासकीय प्राथमिक शाला टीपकापारा किशोरी में पदस्थ प्रभारी प्रधान पाठक विक्रम सिंह निरीक्षण के समय बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। विद्यालय की स्थिति अत्यंत दयनीय पाई गई, बच्चों का शैक्षणिक स्तर निम्न, साफ-सफाई का अभाव, शिक्षण सामग्री का अभाव तथा आवश्यक अभिलेख जैसे परीक्षाफल पंजी और रोकड़-बही भी उपलब्ध हीं थी। ग्रामीणों ने शिकायत की कि प्रधान पाठक शराब के आदी हैं, इसे गंभीर कदाचरण मानते हुए सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निरीक्षण के दौरान अन्य शिक्षकों की लापरवाही भी उजागर हुई। उमेश पैकरा सहायक शिक्षक, टीपकापारा विद्यालय की दुर्व्यवस्था व बच्चों की शैक्षणिक स्थिति खराब होने पर नोटिस जारी की गई।

## अंतरराष्ट्रीय मैथमेटिक्स ओलंपियाड परीक्षा में जीते 27 गोल्ड मैडल्स

**मनेन्द्रगढ़।** एकैडमिक हाईट्स पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ के 166 विद्यार्थियों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय मैथमेटिक्स ओलंपियाड परीक्षा में सम्मिलित होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 27 गोल्ड मैडल ऑफ एक्सिलेंस एवं प्रमाण पत्र प्राप्त किया है।



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जहां लाखों विद्यार्थी इस परीक्षा में भाग लेते हैं, वहां एकैडमिक हाईट्स पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ के कक्षा पहली से कक्षा 12 वीं तक के 166 छात्र अंतरराष्ट्रीय मैथमेटिक्स ओलिंपियाड की परीक्षा में सम्मिलित हुए विद्यालय स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद 27 विद्यार्थियों का सेकंड राउंड की राज्य स्तरीय परीक्षा के लिए चयन हुआ। इसमें से तीन विद्यार्थी सार्थक पंसारी कक्षा आठवीं, पलक सेठिया कक्षा आठवीं एवं मानसी यादव कक्षा आठवीं का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इनकी इस उपलब्धि के लिए गोल्ड मैडल ऑफ डिसटिंक्शन प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलिम्पीयाड में इन विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाते हुए यह मुकाम हासिल कर विद्यालय के साथ-साथ पूरे एमसीबी जिले का नाम ऊंचा किया है। अंतरराष्ट्रीय मैथमेटिक्स ओलंपियाड की परीक्षा में विद्यार्थियों द्वारा अभूतपूर्व प्रदर्शन एवं सफलता प्राप्त करने के पीछे गणित शिक्षक एवं परीक्षा प्रभारी बुद्धेश्वर जायसवाल की अहम भूमिका रही तथा उनके कुशल मार्गदर्शन के कारण एकडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय के संचालक संजीव ताम्रकार, श्रीमती ज्योति ताम्रकार, आशीष कक्कड़, श्रीमती आशी कक्कड़, प्रशांत अग्रवाल, श्रीमती तोषी अग्रवाल, डॉक्टर एसके सिन्हा और श्रीमती मीनू सिन्हा, प्राचार्य पी.रविशंकर सहित समस्त अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं ने पुरस्कृत विद्यार्थियों को बधाई दी।

## उभरती गायिका दुर्गा का वीडियो लांच

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ की उभरती युवा देवी जस गीत गायिका दुर्गा वैश्य का एक नया वीडियो एलबम हनुमत तेरे नाम का लंका में डंका बाजा है। इन दिनों यू-ट्यूब चैनल पर जमकर वायरल हो रहा है। मनेन्द्रगढ़ के आसपास ही प्राकृतिक सुंदरता के बीच फिल्माए गए इस वीडियो को लोगों का भरपूर प्यार भी मिल रहा है। यह सोलो एलबम हनुमान जी की भक्तों को समर्पित है। एक खास मुलाकात में श्रीमती दुर्गा वैश्य ने बताया कि उन्हें वीडियो एलबम बनाने की प्रेरणा अपने पति और गायक रामजी वैश्य से मिली। इस मौके पर शहर की उभरती गायिका और उनके लिए खुद गीत लिखने वाले उनके पति रामजी वैश्य ने कहा कि जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आने वाले समय में लोक संस्कृति को संवारने और विश्व पटल पर स्थापित करने में एमसीबी जिला प्रमुख केन्द्र साबित होगा। उन्होंने कहा कि जिले की लोक संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए सभी प्रदेशवासियों को लगातार प्रयासरत रहना चाहिए।

## जाति, निवास व आय प्रमाण पत्रों की समीक्षा



बैठक लेती कलेक्टर।



उपस्थित अधिकारी।

**बैकुण्ठपुर।** जिले में जाति, निवास व आय प्रमाण पत्र के संबंध में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक लेकर समीक्षा की। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने निर्देश दिए कि जनवरी 2024 से अब तक निरस्त किए गए जाति, निवास व आय प्रमाण पत्र आवेदनों की पुनः जांच कर वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जहां भी लापरवाही या तकनीकी त्रुटि सामने आए, वहां संबंधित कम्प्यूटर ऑपरेटरों पर उचित कार्रवाई की जाए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने अधिकारियों से कहा कि सभी प्रमाण पत्रों के आवेदन सावधानीपूर्वक जांच के बाद ही अपलोड किए जाएं, ताकि सिर्फ मान्य और सही आवेदनों को ही स्वीकृति मिले। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने और समय-सीमा के भीतर लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की। नामांतरण, अविवादित बंटवारा, सीमांकन आदि मामलों में भी तेजी लाने को कहा गया। उन्होंने कहा कि सुशासन शिविर के आयोजन में अब कुछ ही दिन शेष हैं, ऐसे में शेष आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में सुशासन तिहार के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा भी की।

**पृष्ठ 3 का शेष**

### बच्ची का शव...

**डीएसपी के आश्वासन पर शांत हुए परिजन-** दर्दनाक हादसे के बाद परिजन और मोहल्ले के लोगों में भारी आक्रोश था। शुक्रवार की सुबह परिजन बच्ची के शव को लेकर सिटी कोतवाली पहुंचे और आरोपी पर गैर इरादतन हत्या जैसी धाराओं में कार्रवाई की मांग को लेकर धरना देने बैठ गए। मौके पर पहुंचे डीएसपी राजेश साहू, कोतवाली प्रभारी विपिन लकड़ा ने परिजन को समझाइश दी और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब जाकर परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। इस दौरान मृतिका के मामा सुनील विश्वकर्मा ने लिखित में अपनी मांगों को लेकर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस अधिकारियों ने कार्रवाई करने का भरोसा पीड़ति परिवार को दिया है।

## चोरों ने आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़ पार किया सामान

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 6 रिंग रोड स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़ चोरों ने बर्तन, गैस सिलेंडर चावल सहित अन्य सामान पार कर दिया। सूचना पर एएसआई शिव शरण पैकरा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। रिंग रोड में स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बाउंड्री के अंदर स्थित है एवं इस मार्ग से 24 घंटे वाहनों का आना जाना लगा रहता है। आज सुबह 7 के आंगनबाड़ी सहायिका रीता कश्यप जब ताला खोलने आई तो देखा कि ताला टूटा और सामान बिखरा हुआ है। सहायिका ने घटना की सूचना आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीरा गुप्ता को दी। जिसके बाद महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों एवं थाने में सूचना दी गई।













